पत्र सूचना शाखा

**(मुख्यमंत्री सूचना परिसर)**

सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग, उ0प्र0

## मुख्यमंत्री ने जनपद बाराबंकी में रामनगर एवं दरियाबाद विधानसभा क्षेत्रों की 542 करोड़ रु0 से अधिक लागत की 82 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया

**मुख्यमंत्री ने भगवान लोधेश्वर महादेव मन्दिर में दर्शन–पूजन तथा वहां चले रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया**

**उ0प्र0 में प्रधानमंत्री जी के 'सबका साथ–सबका विकास' मंत्र को धरातल पर उतारा जा रहा, प्रदेश बॉटम थ्री से टॉप थ्री अर्थव्यवस्था के रूप में आगे बढ़ रहा : मुख्यमंत्री**

**भगवान लोधेश्वर महादेव के दर्शन–पूजन का सौभाग्य प्राप्त हुआ, यहां काशी विश्वनाथ धाम की तर्ज पर कॉरिडोर का निर्माण किया जाएगा**

**प्रदेश सरकार द्वारा प्रदान की जा रही सरकारी नौकरियों में बाराबंकी के युवाओं की भी बड़ी संख्या में सहभागिता**

**बाराबंकी में बाढ़ बचाव के पुख्ता उपाय किए जा रहे, आदि गंगा के रूप में मां गोमती के सुंदरीकरण और पुनरुद्धार का कार्य आगे बढ़ रहा, प्रदेश में बनने जा रहे स्टेट कैपिटल रीजन का लाभ बाराबंकी को भी प्राप्त होगा**

**भगवान लोधेश्वर महादेव मन्दिर के सामने स्थित सड़क को टू–लेन से फोर–लेन में परिवर्तित करने के निर्देश, मन्दिर के गेट को और अधिक भव्य बनाने की आवश्यकता**

**प्रसिद्ध हॉकी खिलाड़ी श्री के0डी0 सिंह 'बाबू' के नेतृत्व में भारतीय हॉकी टीम ने ओलम्पिक में पदक प्राप्त किया, इनका व्यक्तित्व हम सभी को प्रेरणा प्रदान कर रहा**

**उ0प्र0 डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग कॉरिडोर का एक नया केन्द्र बनकर उभरा, यहां ब्रह्मोस मिसाइल बन रही**

**प्रदेश में बेटी और व्यापारी सुरक्षित, बड़े–बड़े निवेश आ रहे, युवाओं को स्थानीय स्तर पर काम मिल रहा**

**जनपद बाराबंकी की पावन धरा हजारों वर्षों की विरासत अपने में समेटे, विरासत के इन प्रतीकों में भगवान लोधेश्वर महादेव मन्दिर, भगवान कुन्तेश्वर महादेव मन्दिर, अक्षयवट के रूप में महाभारतकालीन पारिजात वृक्ष आदि सम्मिलित**

**स्वाधीनता आन्दोलन का अलख जगाने में जनपद बाराबंकी ने महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन किया, यह पावन धरा हमें सदैव राष्ट्रभक्ति तथा भारत माता के प्रति समर्पण के भाव हेतु प्रेरित करती रहेगी**

**लखनऊ : 20 जुलाई, 2026**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने कहा कि उत्तर प्रदेश में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के 'सबका साथ–सबका विकास' मंत्र को धरातल पर उतारा जा रहा है। उत्तर प्रदेश बॉटम थ्री से टॉप थ्री अर्थव्यवस्था के रूप में आगे बढ़ रहा है। प्रदेश सरकार बिना भेदभाव गरीबों, दलितों, वंचितों, किसानों, महिलाओं सहित प्रत्येक तबके के कल्याण हेतु कार्य कर रही

है। आज उत्तर प्रदेश डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग कॉरिडोर का एक नया केन्द्र बनकर उभरा है। यहां ब्रह्मोस मिसाइल बन रही है। बेटी और व्यापारी सुरक्षित हैं। बड़े–बड़े निवेश आ रहे हैं। प्रदेश के युवाओं को प्रदेश में ही काम मिल रहा है।

मुख्यमंत्री जी आज जनपद बाराबंकी में रामनगर एवं दरियाबाद विधानसभा क्षेत्रों की 542 करोड़ रुपये से अधिक लागत की 82 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास करने के पश्चात आयोजित कार्यक्रम में अपने विचार व्यक्त कर रहे थे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री जी ने विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को ट्राईसाइकिल, चाभी, प्रतीकात्मक चेक, स्वीकृति पत्र तथा प्रमाण पत्र आदि प्रदान किये। इसके पूर्व, मुख्यमंत्री जी ने आयोजित प्रदर्शनी का अवलोकन, पौधरोपण, महिलाओं की गोदभराई तथा बच्चों का अन्नप्राशन किया। मुख्यमंत्री जी ने भगवान लोधेश्वर महादेव मन्दिर में दर्शन–पूजन तथा वहां चले रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि जनपद बाराबंकी की पावन धरा हजारों वर्षों की विरासत अपने में समेटे हुए है। विरासत के इन प्रतीकों में भगवान लोधेश्वर महादेव मन्दिर, भगवान कुन्तेश्वर महादेव मन्दिर, अक्षयवट के रूप में महाभारतकालीन पारिजात वृक्ष आदि सम्मिलित हैं। इस धरा को मां सरयू तथा मां गोमती अभिसिंचित करती हैं। यह धरती प्रतिभाशाली विभूतियों को प्रदान करने वाली है। सन्त कवि श्री बैजनाथ, श्री चतुर्भुज दास, श्री जगजीवन दास, श्री रविदत्त मिश्र, श्री शंकर दयाल अवस्थी, पं0 महेश दत्त शुक्ल तथा श्री गुरुप्रसाद सिंह सहित जैसे अनेक विद्वानों ने यहां के साहित्यिक आकाश में अपने प्रतिभारूपी प्रकाश का प्रसार किया है।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि स्वाधीनता आन्दोलन का अलख जगाने में इस जनपद ने महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन किया था। देश के स्वाधीनता आन्दोलन के दौरान अपने रणबांकुरों के साथ बलिदान देने वाले राजा बलभद्र सिंह चहलारी की यह पावन धरा हमें सदैव राष्ट्रभक्ति तथा भारत माता के प्रति समर्पण के भाव हेतु प्रेरित करती रहेगी। यहां के युवा अत्यन्त प्रतिभाशाली रहे हैं। प्रसिद्ध हॉकी खिलाड़ी श्री के0डी0 सिंह 'बाबू' के नेतृत्व में भारतीय हॉकी टीम ने ओलम्पिक में पदक प्राप्त किया था। फ्लाइट लेफ्टिनेन्ट शंकर दयाल वाजपेयी ने देश की रक्षा के लिए स्वयं की आहुति दे दी थी।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि आज यहां भगवान लोधेश्वर महादेव के दर्शन–पूजन का सौभाग्य प्राप्त हुआ। जनपदवासी अत्यन्त सौभाग्यशाली है, क्योंकि उन्हें भगवान शिव का आशीर्वाद प्राप्त हो रहा है। यहां अनेक पड़ोसी जनपदों के श्रद्धालु दर्शन हेतु आते हैं। पहले की सरकारों ने इस मन्दिर के पुनरुद्धार पर कोई ध्यान नहीं दिया। प्रदेश सरकार ने भगवान लोधेश्वर महादेव मन्दिर कॉरिडोर निर्माण के लिए धनराशि स्वीकृत की है। यहां काशी विश्वनाथ धाम की तर्ज पर कॉरिडोर का निर्माण किया जाएगा। यहां आने वाला प्रत्येक श्रद्धालु अभिभूत होकर जाएगा। मां विन्ध्यवासिनी धाम में कॉरिडोर का निर्माण हो चुका है। काशी, नव्य व दिव्य काशी के रूप में चमक रही है। गोला गोकर्णनाथ में भी भव्य कॉरिडोर का निर्माण किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा प्रदान की जा रही सरकारी नौकरियों में बाराबंकी के युवाओं की भी बड़ी संख्या में सहभागिता होती है। यहां का युवा उत्तर प्रदेश पब्लिक सर्विस कमीशन के माध्यम से एस0डी0एम0 व डिप्टी एस0पी0 बनता है। के0डी0 सिंह

बाबू की विरासत को आगे बढ़ाते हुए उसे स्पोट्र्स कोटे से नौकरी मिलती है। आज बाराबंकी निरन्तर आगे बढ़ रहा है। इस जनपद ने प्रगतिशील किसानों की लम्बी श्रृंखला प्रदान की है। यहां के प्रगतिशील किसान श्री रामशरण वर्मा को पद्म पुरस्कार प्राप्त हुआ है। प्रधानमंत्री जी द्वारा उन्हें इस सम्बन्ध में एप्रिशिएशन प्रदान किया गया है।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि बाराबंकी में बाढ़ बचाव के पुख्ता उपाय किए जा रहे हैं। आदि गंगा के रूप में मां गोमती के सुंदरीकरण और पुनरुद्धार का कार्य आगे बढ़ाया जा रहा है। प्रदेश में बनने जा रहे स्टेट कैपिटल रीजन का लाभ बाराबंकी को भी प्राप्त होगा। लखनऊ तथा अयोध्या के बीच में स्थित बाराबंकी अपनी नई पहचान के साथ आगे बढ़ रहा है। आज यहां 542 करोड़ रुपये से अधिक की 82 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया जा रहा है। यहां 100 करोड़ रुपये की लागत से भगवान लोधेश्वर महादेव कॉरिडोर का कार्य पहले से चल रहा है। जिला प्रशासन से भगवान लोधेश्वर महादेव मन्दिर के सामने स्थित सड़क को टू–लेन से फोर–लेन में परिवर्तित करने को कहा गया है। मन्दिर के गेट को और अधिक भव्य बनाने की आवश्यकता है। विकास के लिए धनराशि की कमी नहीं है। प्रदेश सरकार का प्रत्येक कार्य जनता को समर्पित है।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि देश–दुनिया से आने वाला प्रत्येक श्रद्धालु अयोध्या नगरी में प्रभु श्रीराम का दर्शन कर अभिभूत हो जाता है। भारत की हॉकी टीम ने 36 वर्ष बाद ओलम्पिक में मेडल प्राप्त किया। इससे पूर्व, मेजर ध्यानचन्द तथा के0डी0 सिंह बाबू के समय में भारत ने ओलम्पिक में लगातार तीन बार गोल्ड मेडल प्राप्त किया था। के0डी0 सिंह 'बाबू' का व्यक्तित्व प्रत्येक युवा को प्रेरणा प्रदान कर रहा है। पिछली सरकारों की उदासीनता के कारण के0डी0 सिंह 'बाबू' की हवेली की बिकने की नौबत आ गई थी। हमने कहा कि हम हवेली की धनराशि चुकता कर के0डी0 सिंह 'बाबू' म्यूजियम का निर्माण करेंगे, लेकिन हवेली नहीं बिकने देंगे।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि कल रात्रि को अमेरिका के न्यूजर्सी में फीफा फुटबाल प्रतियोगिता में स्पेन और अर्जेन्टीना का मैच चल रहा था। दोनों टीमों के बीच चल रहे संघर्ष के दौरान लोगों में अत्यन्त उत्साह दिखायी दे रहा था। ऐसा ही उत्साह भारत के नागरिकों में हॉकी के प्रति दिखाई देता है। हॉकी भारत का राष्ट्रीय खेल है। जब कहीं हॉकी मैच हो रहा होता है, सम्पूर्ण भारतवासियों की निगाहें उस मैच पर टिकी होती हैं। मेजर ध्यानचन्द तथा के0डी0 सिंह 'बाबू' ने हॉकी खेल को नई ऊंचाई प्रदान की थी।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि हमारी विरासत सनातन धर्म की पहचान है। इस विरासत के संरक्षण हेतु अलग–अलग समय में महाराजा लाखन पासी, महाराजा बिजली पासी, महाराज सुहेलदेव, महाराणा प्रताप, छत्रपति शिवाजी महाराज तथा गुरु गोबिन्द सिंह जैसे महापुरुषों ने अपना योगदान दिया था। प्रदेश सरकार ने बहराइच में महाराज सुहेलदेव का भव्य कॉरिडोर व स्मारक उस स्थान पर बनाया है, जहां उन्होंने एक विदेशी आक्रान्ता सालार मसूद को मारा था। प्रदेश सरकार ने वीरांगना ऊदा देवी पासी, वीरांगना झलकारी बाई कोरी तथा वीरांगना अवन्तीबाई लोधी के नाम पर महिला पी0ए0सी0 बटालियनों गठन किया है। जनपद बांदा में महारानी दुर्गावती के नाम पर मेडिकल कॉलेज तथा औरैया में लोकमाता अहिल्याबाई होलकर के नाम पर गवर्नमेन्ट मेडिकल कॉलेज का निर्माण किया है।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि जनपद अयोध्या में महर्षि वाल्मीकि के नाम पर इन्टरनेशनल एयरपोर्ट तथा निषादराज के नाम पर रैनबसेरे का निर्माण किया गया है। जिन महापुरुषों ने देश के लिए योगदान व सनातन के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर किया है, हमारा दायित्व बनता है कि हम उनको सम्मान दें तथा उनके गौरव व महिमा से वर्तमान पीढ़ी को अवगत कराएं। सनातन की सुदृढ़ नींव पर ही हमारा उज्ज्वल भविष्य निर्भर करेगा। यदि सनातन सुरक्षित है, तो हम सब सुरक्षित हैं। यदि सनातन के ऊपर कोई खतरा आएगा, तो कोई सुरक्षित नहीं रहेगा।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि वर्ष 2017 से पूर्व प्रदेश के युवाओं के सामने पहचान का संकट था। अब प्रदेश का युवा देश–दुनिया में कही जाता है, तो वहां के लोग उसके स्वागत के लिए आतुर दिखायी देते है। यह वर्ष 2017 के पूर्व तथा पश्चात प्रदेश में बदली परिस्थितियों का अन्तर है। आज अनुसूचित जाति और पिछड़ी जाति के युवाओं को स्कॉलरशिप मिल रही है। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के माध्यम से बेटियों का विवाह हो रहा है। बेटियों को मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना का लाभ प्राप्त हो रहा है। युवाओं को टेबलेट व स्मार्टफोन प्रदान किये जा रहे हैं। अन्नदाता किसानों को किसान सम्मान निधि का लाभ मिल रहा है। गरीबों को प्रधानमंत्री तथा मुख्यमंत्री आवास योजना के अन्तर्गत आवास मिल रहा है। प्रत्येक गरीब को 05 लाख रुपये का स्वास्थ्य बीमा कवर प्राप्त हो रहा है। प्रदेश सरकार द्वारा बिना भेदभाव वृद्धजनों, निराश्रित महिलाओं तथा दिव्यांगजनों को प्रतिमाह 1,000 रुपये पेंशन प्रदान की जा रही है। एक करोड़ 06 लाख से अधिक परिवारों को इसका लाभ दिया जा रहा है।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए खाद्य एवं रसद तथा नागरिक आपूर्ति राज्यमंत्री श्री सतीश चन्द्र शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में आज उत्तर प्रदेश का चतुर्दिक विकास हो रहा है। मुख्यमंत्री जी ने उत्तर प्रदेश को दंगाइयों, बलवाइयों तथा अपराधियों से मुक्त कर यहां कानून का राज स्थापित किया है। आस्था, सनातन संस्कृति और विरासत को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया है। उनके मार्गदर्शन में यहां कॉरिडोर का शिलान्यास किया जा रहा है।

कार्यक्रम के दौरान जनपद बाराबंकी के विकास से सम्बन्धित एक लघु फिल्म प्रदर्शित की गई।

इस अवसर पर कारागार राज्य मंत्री श्री सुरेश राही, विधान परिषद सदस्य श्री अंगद कुमार सिंह, इंजी0 अवनीश कुमार सिंह, श्री उमेश द्विवेदी, विधायक श्री साकेन्द्र प्रताप वर्मा, श्री दिनेश रावत, श्री रामचन्द्र यादव तथा उत्तर प्रदेश अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष श्री बैजनाथ रावत सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

———————

***PN-CM-Barabanki Visit-Ramnagar & Dariyabad-Lokarpan & Shilanyas-20 July, 2026***